भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2212
गुरुवार, 06 अगस्त, 2026 को उत्तर देने के लिए

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का स्वदेशीकरण

2212. श्री संजय कुमार झाः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गगनयान कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त प्रगति को देखते हुए, भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए विकसित ऐसी प्रौद्योगिकियों की पहचान की है, जिनका नागरिक और सामरिक क्षेत्रों में संभावित उपयोग हो सकता है;

(ख) यदि हाँ, तो ऐसी प्रौद्योगिकियों का ब्यौरा क्या है और उद्योग, शिक्षा क्षेत्र, स्टार्ट-अप्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा उनके प्रौद्योगिकी अंतरण एवं अंगीकरण को सुगम बनाने के लिए, यदि कोई रूपरेखा हो, का ब्यौरा क्या है;

(ग) उनके व्यवसायीकरण को बढ़ावा देने तथा उनके स्वदेशीकरण को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उन्नत निर्माण और अन्य उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में विकसित की गई क्षमताओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

****

(क) एवं (ख)

मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों की पहचान कर ली गई है। वर्तमान में मानव अंतरिक्ष अभियानों के लिए इनका विकास किया जा रहा है। इनके सफल समापन के पश्चात ऐसी प्रौद्योगिकियों की पहचान की जाएगी जिनका नागरिक और सामरिक क्षेत्रों में संभावित उपयोग हो सकता है और उन्हें उद्योग, शिक्षा जगत, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई को उपलब्ध कराया जाएगा।

(ग) एवं (घ)

लागू नहीं।

****